समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


# अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद सलमान खान ने रद्द किया इवेटं, बोले- “ये सेलिब्रेशन का समय नहीं”.

Publisher | Published on 12 Jun 2025



## एयर इंडिया फ्लाइट AI-171 हादसे के बाद सलमान खान ने ISRL लॉन्च इवेटं किया रद्द, बोले- “अब नहीं मना सकते जश्न”

**मुंबई, 12 जून 2025: गुजरात के अहमदाबाद मे हुंए भीषण प्लेन क्रैश** ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस दर्दनाक हादसे के बाद, **बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान** ने अपना एक बड़ा **प्रमोशनल इवेटं इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग (ISRL)** का लॉन्च समारोह रद्द कर दिया है। सलमान ने साफ कहा कि “ये जश्न मनाने का समय नहीं है” और वो इस मुश्किल घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं।

**सलमान खान का बयान**

सलमान खान ने **ISRL इवेटं** को रद्द करते हुए कहा: “अहमदाबाद विमान हादसे के बारे में सुनकर मैं बेहद दुखी और स्तब्ध हूं। यह समय जश्न का नहीं है, बल्कि एकजुट होकर उन परिवारों के साथ खड़े होने का है जो इस हादसे से प्रभावित हुए हैं। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं सभी पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। हम सबको इस मुश्किल समय में मजबूती से एक-दूसरे का साथ देना चाहिए।”

**इवेटं आयोजकों का भी आया बयान**

ISRL की टीम ने आधिकारिक बयान में कहा: “दोपहर में जो दुखद घटना हुई है, उसने पूरे देश को झकझोर दिया है। ऐसे समय में हम इवेंट आयोजित करना सही नहीं मानते। सलमान खान और हम सभी ने मिलकर यह जिम्मेदार फैसला लिया है। हम सभी इस

दुख की घड़ी में पीड़ितों के साथ हैं।"

**बॉलीवुड सितारों ने जताया शोक**

सलमान खान के अलावा कई बॉलीवुड हस्तियों ने भी इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है:

अक्षय कुमार ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा:

"**एयर इंडिया दुर्घटना की खबर सुनकर सदमे मे हूं। सिर्फ प्रार्थना कर सकता हूं**।"

सनी देओल ने पोस्ट किया:

"**दिल दहला देने वाली खबर। मेरी प्रार्थनाएं सभी यात्रियों और उनके परिवारों के साथ है**।"

हादसे की जानकारी

१. **विमान : एयर इंडिया फ्लाइट AI-171 (बोइंग ड्रीमलाइनर 787)**
२. **गंतव्य : अहमदाबाद से लंदन**
३. **हादसे का समय : 12 जून, दोपहर**
४. **सवार यात्री : 230 यात्रियों सहित 12 क्रू मेबंर**
५. **स्थिति : टेक-ऑफ के 5 मिनट बाद क्रैश, मेघानीनगर, अहमदाबाद के पास**
६. **रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, अभी तक मृतकों की संख्या की पुष्टि नहीं**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.